# साबरमती की तर्ज पर अयोध्या में बसेगी ग्रीनफील्ड टाउनशिप

## चर्चा में क्यों?

29 दिसंबर, 2022 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार गुजरात के साबरमती की तर्ज पर अयोध्या में ग्रीन फील्ड टाउनशिप बसाने जा रही है। यह योजना 1438 एकड़ क्षेत्रफल में लाई जाएगी।

## प्रमुख बिंदु

- इस योजना के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष राज्य आवास विकास परिषद ने इसका प्रस्तुतीकरण किया। इस दौरान गुजरात के वास्तुविदों को भी बुलाया गया था। उन्होंने साबरमती ग्रीन फील्ड के बारे में जानकारी दी।
- इसके आधार पर आवास विकास परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अयोध्या में ग्रीन फील्ड टाउनशिप का आकार ऐसा तैयार किया जाए जो पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त हो। इसके लिये ज़रूरत के आधार पर वास्तुविदों को भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश के आधार पर आवास विकास परिषद ने तैयारियाँ शुरू कर दी हैं।
- अयोध्या में ग्रीन फील्ड टाउनशिप की इस योजना को पहले चरण में 583 एकड़ क्षेत्रफल में बसाने की योजना है। पहले चरण के लिये 487 एकड़ ज़मीन का अधिग्रहण किया जा चुका है।
- दूसरे और तीसरे चरण में 855 एकड़ ज़मीन का अधिग्रहण किया जाएगा। इसके अलावा टाउनशिप के आसपास व्यवसायिक क्षेत्र और पार्कों का इंतजाम किया जाएगा, जिससे लोगों को ज़रूरत के आधार पर सुविधाएँ मिल सके।
- विदित है कि वैदिक सिटी की परियोजना का मानक अहमदाबाद गिफ्ट सिटी के आधार पर तय होगा। नव्य अयोध्या परियोजना के अंतर्गत हाइवे के किनारे स्थित गाँवसभा शाहनवाजपुर एवं मांझा बरहटा में प्रस्तावित ग्रीन फील्ड टाउनशिप योजना (वैदिक सिटी) में कई तरह के बदलाव भी किये जा रहे है और इसके लिये स्टैंडर्ड मानक भी निर्धारित किया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/greenfield-township-will-be-set-up-in-ayodhya